बिहार सरकार
ऊर्जा विभाग
संकल्प

सं0– प्र02/बि0स्टे0 पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0-30/2013– 01 /पटना, दिनांक– 05.05.2026

विषयः– **बिहार राज्य अंतर्गत चिन्हित अंतर–राज्य संचरण प्रणाली के निर्माण एवं विकास के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर कार्यों का सम्पादन कराने हेतु मेसर्स आर0ई0सी0 पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड को "बिड प्रोसेस कोऑर्डिनेटर" के रूप में नामित करते हुए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एम0ओ0यू0) करने एवं विभागीय स्तर पर राज्य सशक्त समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

राज्य की विद्युत प्रणाली में हो रहे चतुर्दिक विकास एवं विद्युत मांग में उत्तरोत्तर वृद्धि के कारण संचरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण की अति आवश्यकता है। वर्त्तमान में बिहार राज्य अंतर्गत अंतर–राज्य संचरण प्रणाली (Intra-State Transmission System) का निर्माण का कार्य राज्य सरकार के अनुमोदनोपरांत एवं बिहार विद्युत विनियामक आयोग के स्वीकृत टैरिफ के आलोक में बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के द्वारा संपन्न किया जाता है।

2. विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के द्वारा टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी निविदा (TBCB) के तहत विकसित की जाने वाली विद्युत संचरण परियोजनाओं के निर्माण हेतु बिड प्रोसेस कोऑर्डिनेटर (BPC) के रूप में RECPDCL (REC Limited की सहायक कंपनी) एवं PFCCL (PFC Consulting Limited-Power Finance Corporation की सहायक कंपनी) को अधिकृत किया गया है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य भारत के विद्युत संचरण प्रणाली के बुनियादी ढाँचा के निर्माण में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना और निजी निवेश को प्रोत्साहित करना है।

3. REC पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, जो REC लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है और कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत अधिनियमित भारत सरकार का एक उपक्रम है, जिसका पंजीकृत कार्यालय कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोदी रोड, नई दिल्ली–110003 में स्थित है (आगे

"RECPDCL" के रूप में संदर्भित, जिसमें इसके सहयोगी संस्थान, सहायक कंपनियाँ, उत्तराधिकारी तथा अधिकृत अभिकर्ता शामिल होंगे)।

4. M/s RECPDCL ने बिहार राज्य अंतर्गत चिन्हित अंतर–राज्य संचरण प्रणाली (Intra-State Transmission System) के निर्माण हेतु टैरिफ़ आधारित प्रतिस्पर्धी निविदा (TBCB) के माध्यम से कार्यों के सम्पादन हेतु ''बिड प्रोसेस कोऑर्डिनेटर'' (BPC) बनने का प्रस्ताव दिया है। उक्त प्रस्ताव के अनुसार M/s RECPDCL, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड (BSPTCL) के साथ एक MoU (Memorandum of Understanding) होना है। MoU के अंतर्गत RECPDCL एवं BSPTCL के कार्यक्षेत्र, विस्तृत भूमिकाएँ तथा जिम्मेदारियाँ सम्मिलित हैं।

5. बिड प्रोसेस कोऑर्डिनेटर (BPC) के रूप में निविदा प्रक्रिया (यथा पूर्ण सम्यक सर्वे, RFP, लागत अनुमान, प्री–बिड मीटिंग एवं निविदा निष्पादन) की संपूर्ण जिम्मेदारी RECPDCL की होगी।

6. TBCB mode में निर्माण की जाने वाली अंतर–राज्य संचरण प्रणाली (Intra-State Transmission System) का चयन एवं अनुमोदन राज्य सशक्त समिति (State Empowered Committee) द्वारा किया जाना है एवं इस समिति का गठन ऊर्जा विभाग, बिहार सरकार के स्तर से होना है।

7. वर्तमान में आवश्यकता को देखते हुए, "3×800 मेगावाट सुपर थर्मल पॉवर प्लांट, पीरपैंती, भागलपुर" से विद्युत निकासी हेतु एवं अन्य चिन्हित संचरण परियोजनाओं के निर्माण के लिए TBCB mode के अंतर्गत निविदा आमंत्रित कर कार्यों का सम्पादन करने हेतु RECPDCL को बिड प्रोसेस कोऑर्डिनेटर (BPC) के रूप में नामित किया जा सकता है। भविष्य में राज्य सशक्त समिति (State Empowered Committee) द्वारा चिन्हित एवं अनुमोदित अन्य संचरण परियोजनाओं को भी TBCB mode के माध्यम से निर्मित किया जा सकेगा।

8. अतएव बिहार राज्य अंतर्गत चिन्हित अंतर–राज्य संचरण प्रणाली के निर्माण एवं विकास के लिए टैरिफ आधारित प्रतिस्पर्धी निविदा के माध्यम से निविदा आमंत्रित कर कार्यों का सम्पादन कराने हेतु मेसर्स आर0ई0सी0 पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड को ''बिड प्रोसेस कोऑर्डिनेटर'' के रूप में नामित करते हुए बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कम्पनी लिमिटेड के साथ समझौता

ज्ञापन (एम0ओ0यू0) करने एवं विभागीय स्तर पर राज्य सशक्त समिति के गठन की स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।

7. मंत्रिपरिषद की दिनांक–29.04.2026 को हुई बैठक में उक्त प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त है।

आदेशः **आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राजपत्र के अगले अंक में सर्वसाधारण की जानकारी हेतु प्रकाशित किया जाय।**

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0/–

(मनोज कुमार सिंह)

सरकार के सचिव।

ज्ञापांक–प्र02/बि0स्टे0 पावर ट्रांसमिशन कं0 लि0–30/2013–2286/पटना, दिनांक–05.05.2026

प्रतिलिपिः–प्रभारी पदाधिकारी, ई–गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार पटना को बिहार राजपत्र के प्रकाशनार्थ (आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से) प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित गजट की 200 (दो सौ) प्रतियाँ, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

5/5/2026

सरकार के सचिव।